nations and help to build a world based on equality and cooperation among nations.

I am sure the House will join me in the hope that bloodshed and strife in Angola will soon come to an end so that the Government and people of Angola can address themselves unhindered to the task of national reconstruction at home, fighting racism and minority regimes in Africa and contributing to resolve the many international problems confronting the community of nations.

**THE HOUSE OF THE PEOPLE (EXTENSION OF DURATION) BILL, 1976** —*CONTD*:

MR CHAIRMAN : Shri Yogendra Sharma may speak.

**श्री योगेन्द्र शर्मा** (बिहार): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, लोक सभा ने अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए अपनी अवधि बढ़ा ली है। उसमें राज्य सभा को क्या करना है ? राज्य सभा की अवधि न ही बढ़ती है न ही घटती है, और यदि लोक सभा ने अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग करके अपनी अवधि बढ़ा ली है, तो हमें उसके पीछे-पीछे चलना है, उसका समर्थन करना है, इसके सिवाय और क्या कहना है। हम तो नहीं कह सकते कि तुम अपनी अवधि नहीं बढ़ाओ। हमारी अवधि बढ़ाने की बात होती तब हम विचार कर सकते थे।

**श्री ओउम् प्रकाश त्यागी** (उत्तर प्रदेश) : राज्य सभा को यही समझे हैं, पीछे-पीछे चलना ?

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : लोक सभा के अधिकार के मामले में पीछे नहीं कह सकते हैं। लोक सभा का जो अधिकार है उसके अधिकार की तो हम रक्षा करेंगे । जब यह अवधि बढ़ायी जा रही है, तो हम सरकार से यही आशा करेंगे कि जो समय इस प्रकार मिलता है उस समय का सदुपयोग 20-सूत्री कार्यक्रम को निष्ठापूर्वक और शीघ्रता के साथ पालन करने में उपयोग किया जाए ।

श्रीमन्, यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि जब 1971 में लोक सभा के चुनाव हुए थे, तो किस परिस्थिति में वह चुनाव हुए थे ? किन सवालों को लेकर चुनाव हुए थे ? चुनाव उन सवालों को लेकर हुए थे कि देश की स्थिति ज्यों की त्यों रहेगी, या देश की स्थिति को गतिशील दिशा में बदला जाएगा ? यथास्थिति और प्रगति, इन दो शक्तियों के बीच में 1971 के समय लोक सभा का संघर्ष हुआ था, और भारतीय जनता को धन्यवाद देना चाहिए कि उसने मत प्रगति के पक्ष में दिया और कांग्रेस पार्टी विजयी हुई। बावजूद इसके कि प्रतिक्रियावादी "ग्रैण्ड एलायंस" की ताकतों ने चुनौती दी थी—प्रगति की शक्ति को यथास्थिति की शक्ति के सामने खड़ा कर दिया—जनतांत्रिक पद्धति का तकाजा था कि ग्रैण्ड एलायंस की ताकतों को जनता के उस फैसले के सामने सिर झुकाना था, लेकिन उन्होंने सिर झुकाने के बदले फासिस्टी तरीके अख्तियार किए ताकि जनता के वह मैन्डेट पूरे न किए जाएं। पिछले 2 वर्षों में हमने जो कुछ भी देखा है, यही देखा है कि जनता के मैन्डेट को ठुकराने के फासिस्ट तरीके अपनाए गए। ऐसी स्थिति में देश के सामने संकट आया; देश का बहुमूल्य समय और साधन इन फासिस्ट ताकतों का सामना करने और उन्हें कुचलने में लगा। इसलिए हम समझ सकते हैं कि 1971 के मैंडेट की बहुत सी बातें पूरी नहीं हो सकीं। और इस बात का औचित्य है कि जो अवधि बढ़ायी जा रही है उस अवधि में उनके द्वारा 1971 के मैन्डेट को पूरा करने की अधिक से अधिक कोशिश हो। इसी आशा और इसी विश्वास के साथ हम लोक सभा के फैसले का समर्थन करते हैं।

**श्रीमति लक्ष्मी कुमारी चूंडावत** (राजस्थान) : अध्यक्ष महोदय, हमारी पार्टी की राजनीति और हमारे प्रधान मंत्री की नीति हमेशा दूरदर्शितापूर्ण रही है, केवल दूर-

[श्रीमति लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत]

दर्शितापूर्ण ही नहीं बल्कि उसके साथ ही साथ एक ध्येय को लेकर रही है। जब कभी कोई नीति हमने अपनाई तो देश का हित सबसे ऊंचा समझ कर और यही हमारा ध्येय रहा है कि देश सबसे ऊंचा है। हमारा ध्येय रहा है—बहुजन हिताय, बहुजनसुखाय।

जब आज से चार साल पहले, आपको याद दिलाना चाहती हूं कि बंगला देश में हमारी फौजें फतेह करती हुई आगे बढ़ रही थीं और हमारी सेनायें जब वहां पर बहुत कुछ कर सकती थीं, उस समय भी जैसे ही पाकिस्तान की सेनाओं ने अपने हथियार डाले और बंगला देश आजाद हुआ, हम ने अपने आप आगे हो कर सीज फायर का ऐलान किया। दुनिया के जो दूसरे मुल्क हैं उन के लिये शायद यह ताज्जुब की बात रही। कई लोग जो फासिस्ट तरीके से सोचने वाले है उन को भी यह बात, अजीब लगी, लेकिन हमारा ध्येय था उस देश को आजाद कराना, और जैसे ही वह बंगला देश आजाद हुआ, हम ने सीज फायर की घोषणा कर दी। हमारी इस प्रकार की नीति रही है। उसी नीति के आधार पर आज हम एक बिल ला रहे हैं, उसे पास कर रहे हैं और यह भी उसी नीति का परिचायक है। अगर आज हम चुनाव के मैदान में उतरें जो कि समाज में होने वाला था तो इस में कोई दो राये नहीं कि हमारी पार्टी उस चुनाव में स्वीप करती हुई इधर से उधर निकल जाएगी। आज जिस तरह का माहौल है, आज जिस प्रकार का वातावरण बना हुआ है, जिस प्रकार से जनता के दिल और दिमाग में नयी निष्ठा और विश्वास पैदा हुआ है उस को देखते हुए चुनाव जीतना, बहुत जोर से जीतना हमारी पार्टी के लिये बहुत मामूली सी बात है। जो इस बारे में एक्सपर्ट हैं उनका कहना है कि अगर हम अभी चुनाव में उतरें तो तीन चौथाई से ज्यादा वोटों से हमारी पार्टी जीतेगी। लेकिन नहीं, हम ने एक साल के लिये चुनाव आगे टालना ही ठीक समझा है क्योंकि जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने स्वयं घोषणा की है कि चुनाव में जीतना कोई इतनी बड़ी बात नहीं है जितना कि देश का हित साधना है। देश का हित चुनाव जीतने से कहीं बड़ा है। इस लिये देश हित को देखते हुए साल भर के लिये हम चुनाव को आगे टालने की बात सोच रहे हैं। क्योंकि हमारी जो नीति है वह मैं आप से पहले ही कह चुकी हूं। वह नीति जनता के हित के लिये है और चुनाव जो हम आगे बढ़ा रहे है एक तय शुदा चीज को देखते हुए, वह यही बताता है कि हमारी निष्ठा जनता में है और हम को अपने आप पर, अपनी पार्टी पर और अपने नेता पर पूरा विश्वास है।

इस बिल को ले कर कल लोक सभा में कई सदस्यों ने बहुत जोर से विरोध किया मुझे खुशी है कि आज हमारे शर्मा जी ने बहुत ठीक शब्दों में साफ तो नहीं मंजूर किया, लेकिन जिस ढंग से उन्होंने कहा, उसे देखते हुए उन्होंने कोई खास विरोध नहीं किया। लेकिन लोक सभा में कल इस का जबरदस्त विरोध किया गया था। यह भी उन की नीति का एक अंग है। उनकी नीति रही है कि जो भी हम अच्छे कदम उठायें, जो भी अच्छे काम करें उन का विरोध किया जाये। चाहे हम एक्सप्लायटर्स के खिलाफ कानून बनायें तो हमारा विरोध होगा, या हम समाजवादी कदम उठायें तो भी हमारा विरोध होगा। अगर हम किसी इंडस्ट्री का नेशनलाइजेशन करें तो भी विरोध किया जायेगा, अगर हम प्रिसेज के प्रीवी पर्सेज को खत्म करें तो भी विरोध किया जायेगा। यह उन लोगों की नीति का एक अंग है, हमारे किसी भी काम का विरोध करना। मेरा विश्वास है कि वह मन में खुश हो रहे होंगे कि चुनाव आगे बढ़ गया क्योंकि अभी उनकी मानसिक तैयारी

नहीं है कि वह चुनाव लड़ सकें, लेकिन वह हमारा विरोध करेंगे, दोषारोपण करेंगे इस लिये कि यह उन की नीति है, उन का धर्म है। यह वह कर रहे हैं। अगर आज हम अभी चुनाव में उतर गये होते तो यही हमारे माननीय सदस्यगण जो विरोध कर रहे हैं वह दूसरे शब्दों में बोलते। वह कहते कि यह तो मैनिपुलेशन है। हमारे साथी डी०आई०आर० में बंद हैं, हमारे नेता बाहर नहीं हैं और ऐसे समय में चुनाव कराया गया है। चाहे डी०आई०आर० में दो हजार आदमी ही बंद हों लेकिन वह बतायेंगे कि उन के दो लाख आदमी बंद हैं और इस लिये चुनाव फेयर नहीं है, डेमोक्रेटिक नहीं है और इसी लिये हम चुनाव में जीत नहीं पाये और चुनाव में हार गये। उन के बोलने के टोन बिलकुल उस के खिलाफ होता, और यह दूसरे ढंग से उस समय बोलते। मैं उन की याद दिलाना चाहती हूं कि आज जब एक साल के लिये हमने यह चुनाव बढ़ाया है तब आप विरोध कर रहे हैं। आप को यह याद नहीं कि पिछले चुनाव में हम पांच साल पूरे होने के पहले ही, चार साल बाद ही चुनाव के मैदान में उतर गये थे। उस समय हम अल्प संख्या में थे। हमारे सामने कई तरह के सवाल थे, कई तरह की परेशानियां थीं, लेकन हम जनता का मैन्डेट लेने के लिये, जिन नीतियों की हम ने घोषणा की थी उन के लिये समर्थन पाने के लिये हम चुनाव के मैदान में उतरे थे। तब भी आप का कहना था कि एक साल पहले चुनाव क्यों कराये गये। हमारी मुसीबत है। पहले चुनाव करायें तो कहेंगे कि गलत है और बाद में कराये तो कहेंगे कि गलत है। तो आप के लिये विरोध करना मात्र ही एक बात रह जाती है।

**श्री ओउम् प्रकाश त्यागी :** ठीक समय पर क्यों नहीं कराये थे?

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत :** इस वक्त चुनाव की तैयारी नहीं है। इस वक्त आप कहगें कि क्यों पोलिटिकल बातों को उठाया जा रहा है। मुझे ताज्जुब होता है जब हमारे भाई बार-बार इस हाउस में डी० एम० के० के सदस्यगण संविधान की बड़ी-बड़ी बात करते हैं और आश्चर्य होता है यह देख कर कि उन के अपने राज्य तमिलनाडु में ही किस प्रकार से संविधान की छीछालेदर हो रही है। किस प्रकार के काम वहां किये गये हैं वह सब के सामने आयेंगे आयोग की रिपोर्ट सामने आने पर। इसी तरह से सी० पी० एम० वालों को मैं याद दिलाना चाहती हूं कि जब वह आदर्श की बात करते हैं तो वह याद करें कि कलकत्ता में पहले क्या होता था जब वहां उन की हकुमत थी। कोई औरत सेफटी के साथ बाजार से नहीं निकल सकती थी। उस का कहीं जाना मुश्किल था और उस समय किस तरह के कांड वहां हुए जो आप सब भी जानते हैं। मैं उन को इस समय यहां दोहराना नहीं चाहती क्योंकि वक्त नहीं है। वहां का जन जीवन कभी शान्त नहीं रहा था। जिस तरह से वहां खून हुए, गुंडागर्दी हुई और आप के तमिलनाडु में आज क्या हो रहा है वह भी आपके सामने है। अभी उन का भी पता चल जाएगा कि आयोग के सामने किस प्रकार की चीजें आती हैं। अध्यक्ष महोदय, इन चुनावों को हम ने आगे क्यों टाला इस का एक कारण यह रहा है कि जो हम ने जनता से वायदा किया है, जो हम बीस सूत्री प्रोग्राम लाये हैं, जो हम आर्थिक स्थिति में सुधार लाना चाहते हैं उस के लिये आज देश में इमरजन्सी को रहना जरूरी है। इमरजन्सी में चुनाव नहीं हो सकते, इस लिये हम ने यह किया है। देखा जाये तो हम ने एक प्रकार की रिस्क ली है, कोई पोलिटिकल फायदा नहीं उठाया है। अगर आज हम चुनाव में उतरते तो हम को फायदा होता, लेकिन

[श्रीमति लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत]

हम एक प्रकार से रिस्क ले रहे हैं क्योंकि जो काम करने हम जा रहे हैं, जो बीस सूत्री प्रोग्राम हम लागू करने जा रहे हैं वह आसान बात नहीं है। उस में बहुत काम है, कई तरह की दिक्कतें हैं। हम लोगों को कर्ज से मुक्ति दिलाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि उन के कर्जे माफ किये जायें तो यह अपने आप में बहुत बड़ा काम है। उस के लिये हम को छोटे-छोटे बैंकों की स्थापना करनी पड़ेगी करोड़ों रुपये लोगों को साहूकारों के कर्ज से मुक्त होने के लिये देना पड़ेगा और इसी तरह से दूसरे सवाल हैं सीलिंग का सवाल है। जिस जमीन को लेकर हम को बांटना है उस के लिये वक्त चाहिए। इसी लिये हम इस को ले कर आगे बढ़ रहे हैं। अगर आज इमरजन्सी उठा दी जाये तो हम जानते हैं कि किस प्रकार से हमारे इन कामों के इंप्लीमेंटेशन में बाधायें डाली जाएंगी। जब कभी हम ने इस तरह के कदम उठाये हैं तब हमें याद है कि किस तरह के मूमेंट चलाये गये हैं, किस तरह के झगड़े खड़े किये गये हैं और हमारे उन कदमों को रोका गया है। मैं 1973 की याद दिलाना चाहती हूं कि जब हमारा देश संकट में था। अनाज बाजार में मिल नहीं रहा था तो उस समय इन पार्टियों ने लेवी लेने के लिये जब सरकार जाती थी तो किसानों को भड़काया कि सरकार को लेवी न दी जाये और शहरों में जा कर यह प्रचार करते थे कि सरकार से सस्ता अनाज मांगो। किसानों को कहा जाता था कि सरकार को लेवी न दो और उन के कहने में आ कर किसानों ने सरकार को लेवी नहीं दी और एक प्रकार से एक बड़ा संकट हमारे सामने आ गया था। यह एक नमूना था। आज इमरजेंसी के बाद हमारी बिगड़ी हालत कुछ सुधर रही है। उस में आज सुधार होता जा रहा है और इस इमरजेंसी का सभी वर्गों ने स्वागत किया है, इस का चतुर्मुखी स्वागत हुआ है। इस का स्वागत किसान ने किया है, इस का स्वागत मजदूर ने किया है, इस का स्वागत आम जनता ने किया है। आप हाउस वाइफ से पूछ लें कि जिसको क्यू में घंटों खड़ा रहना पड़ता था और उस को आवश्यक सामग्री नहीं मिल पाती थी। आज आसानी से हमें आवश्यक सामग्री मिल रही है।

हमारा उत्पादन बढ़ा है। हमारा जो प्रशासन है वह ठीक ढंग से चल रहा है। जो पहले स्थिति थी, उसमें बहुत जबरदस्त सुधार आया है और हम चाहते हैं कि हम अपने प्रशासन को और सुधारें। अभी तक हालांकि हमारी कीमतें गिरी हैं, फिर भी मैन्यूफैक्चर्ड गुड्स के दाम इतने उंचे चढ़े हुए हैं कि हम उनको गिराना चाहते हैं। आम जरूरत की चीजों को जनता तक पहुंचाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन किया जाए। हम चाहते हैं कि हमारा इंपोर्ट कम करके हमारा ऐक्सपोर्ट बढ़े। हम चाहते हैं कि जो गरीब तबका है उसको ज्यादा से ज्यादा सुविधायें दी जा सकें। उनके लिए हम रिहायशी मकानों की, खेती के लिए जमीन की और उनके लिए रोजगार का प्रबन्ध कर सकें। इन सब हालात को देखते हुए यह जरूरी है कि इमरजेंसी कायम रहे। इसके लिए ही साल भर के लिए चुनावों को आगे बढ़ाया गया है।

आप लोगों ने हमारे देश की हालत को खराब करने के टोटल रेवूलूशन की बात कही। सारी स्थिति को बिगाड़ दिया था और आप यह नहीं सोचते, अपनी पार्टी के स्वार्थों को ध्यान में रखते ह, देश के लाभ को नहीं देखते हैं। लेकिन हमने इन सारी बातों के ऊपर, सारी हालतों के ऊपर ज्यादा गौर किया है और इस मुल्क को सुधार करके हम ठीक रास्ते पर ले जायेंगे। दरअसल में हालत यह

है कि जो हमारी पहले हालत थी, आज उसके ऊपर हमने काबू पाया है—

'वह जो कहते थे कि हम पर मौत है छाई हुई,
देख लें वो आज, हम हैं मौत पर छाये हुए।'

SHRI N. G. GORAY (Maharashtra): Sir, I would crave your indulgence if, during my speech, there are a few touches of sentimentalism and a few outpourings of emotion.

MR. CHAIRMAN: The lady Member has spoken, isn't it?

SHRI N. G. GORAY: I want to say this because, yesterday and the day before yesterday, when the Bills curbing the freedom of the press have been discussed, even a man like Shri Bhupesh Gupta, not once but many times, referred to the great contribution that Shri Feroze Gandhi had made to the freedom of the press. Shri Shukla, in his reply, has said that a good deal of sentiment had crept into the debate and he deplored that. But, Sir, I am one of those who believe that sentiment and emotion are the salt of life. Not only that, Sir, but I believe that when we talk of democracy, when we talk of liberty, when we talk of equality between man and man, it is the sentiment that dictates to us, that all men should be considered equal. Otherwise, Sir, what is common between you and me, what is common between me and my friend, Shri Gokhale? And still we build the whole edifice of democracy on this postulate that all men are equal. It is a sentiment; it is an emotion; it is something intangible and still it has helped man to build noble structures, noble social structures. So, Sir, as I said, may be, sometimes in my speech occasions may arise when I would be a little sentimental. Another reason, Sir, is that we have been so much involved in this democracy.

Sir, I can remember three distinct phases in my life. One phase was that of creation, when we built up this social structure, democratic structure, parliamentary structure brick by brick, we strove for it, struggled for it during the days of pre-Independence. You were also one of the soldiers, honoured soldiers. That was the phase I would like to equate with Brahma, the Creator.

After Independence came the phase of preservation, Vishnu, when all of us, even though we belonged to the opposition parties, under the leadership of Pandit Jawaharlal Nehru tried to preserve the values that we had created during the struggle. And, Sir, I do hope now, I can say 'fondly hope', that a time will not come in my lifetime at least when this phase of preservation will change into the phase of destruction. That good fortune will not fall on me but today I am seeing the third phase, the third face of the Trimurti, that of destruction of whatever we had created. And one by one all the values that we had cherished are going down the drain. Where is the necessity of freedom of the press? Has not the press utilised its freedom in a wrong manner? Where is the necessity of liberty of the individual? Have they not misused it? Sir, we have come to a point where we are almost afraid of freedom. There is a well-known book written by E. Fromm, 'Fear of Freedom'.

I remember when my colleague Madhu Limaye met Mr. Brezhnev when he was visiting this country. At the end of their talk Mr. Brezhnev asked Mr. Madhu Limaye: Will you tell me what is the necessity of opposition party at all? I do not know whether that ideology has inspired us. But somehow it has come to pass that we would like to see the entire country under the control of one party. Therefore, as I said that having seen the phase of creation, having seen the phase of preservation. I am now a witness to the last phase of destruction. What will come afterwards. I do not know. Possibly, according to the Marxists dialects there was a thesis and there was an anti-thesis and may be out of that thesis and anti-thesis, out of the conflict of the two, a synthesis may emerge. I do not know what will be the phase of that synthesis, what will be the nature of that synthesis. It is very curious that while we are moving a democratic society towards an authoritarian rule, right now, in Paris the great Communist Party of France is meeting and the main thesis before that Party is, as has been reported, the Secretary-General of that Party is recommending to its Party

[Shri N. G. Goray]

that the concept of the dictatorship of the proletariat should be rejected and we must say without any reservation that we are ready to tolerate or even to encourage or even to practise democratic ideals. Sir, those of you who know what a crucial place this dictatorship of the proletariat has in the Communist's political ideology, will understand what a change has come, they are discarding it, the main idea over which the whole super-structure in Russia and other Communist countries is raised that there must be a dictatorship of one party, one class. And here one of the biggest and the strongest Communist Parties, the Communist Party in France, is saying : Let us give a go-by to this idea; it is no longer tenable. Sir, my sorrow is all the greater, that we have not understood this. It is not as if Jawaharlal Nehru had not read Marx. It is not as if, when we became free, these compulsions to which my very erudite friend referred to in his last speech were not there. India was a backward country; India was a developing country; India was a country where so many dialects and religions and other things were there in existence. And knowing all that, after a full debate lasting months and years, we had deliberately chosen this system. It is not as if we had accepted this system in a fit of absent-mindedness. With open eyes we had chosen this system—freedom of the press, all the civil liberties, everything. And, Sir, now we find that we are rejecting them one by one. I would only like to point out to my friend Mr. Gokhale that it is my misfortune that, having worked with him for years, today I find myself in a position which is very, very unfortunate. But these are the facts of life. One has to face them.

Sir, I would like to ask you : Are there not other democratic countries in the world which had to undergo all these strains and stresses? Have we not heard of the mammoth dragon march in Japan in the period after the Second World War? In France Sir, so many times has the Communist Party of France not tried to paralyse the entire thing—industry, government, social life? But does it mean that because all these things happened. Japan has not prospered? Sir, Japan has registered the highest rate of annual increase in national, income—more than what the capitalists western world think they could achieve, more than what they themselves thought they could achieve. Has France not become one of the most affluent nations of the world, in spite of all these strains and stresses? But in this country, Sir, because somebody said something, because there was some agitation, because somebody talked of total revolution, because Rajnarain used to create trouble here, all sorts of excuses had been trotted out, and now it is being said that everything is so calm. There also there are these contradictions. Sir, what is it? Has the emergency succeeded; or has the emergency not succeeded? On the one hand, you say it has succeeded. Sir, I will point out to you that on September 13, 1975 our Home Minister Shri Brahmananda Reddi, was put this question in Madras. Is the situation normal? And Brahmananda Reddi said : Normalcy prevails all over the country. That was on September 13. But, most probably, Brahmananda Reddi does not represent the mind of the Government; I can see that. But surely the Prime Minister does represent the mind of the Government, the heart of the Government. What did she say when she gave an interview to the North German television on October 3, 1975? She said : There is peace everywhere. September—normalcy is everywhere; peace is everywhere and after that, November, December, January, February—four months have passed. And still, our Law Minister, our Home Minister, our Prime Minister, all these people sitting on those Benches are coming to this House and are saying that there is no normalcy still, that they want to extend the life of the Lok Sabha because there is no normalcy. And to the press, to the foreign people, they say, there is normalcy, there is peace everywhere. And I do not see how you can contradict that statement that there is peace. Of course, there is peace.

Sir, I am one of those who have held that there was no justification for emergency at all. There were strikes—yes; there were quarrels, there were conflicts. But suppose for argument's sake that there was conflict, that there were strikes, that there were anti-national activities. Now, you have yourself said that there is normalcy not only in one part of the country but throughout. That is what you said. This is what the Home Minister says in Madras.

And after four months, the Tamil Nadu Government itself is toppled—why?—because there is normalcy in Tamil Nadu.

AN HON. MEMBER : Too much normalcy.

SHRI N. G. GORAY : Therefore, what are all these things due to? The taproot is, in panic they thought that there was emergency everywhere. That is the taproot of all this mischief and because that taproot is there, you saw the necessity for emergency, the MISA, the Defence of India Rules, the curtailment of civil liberties. And to what extent? Your representative in the Supreme Court has the audacity to say to the Judges that once the emergency is declared, even if a man is shot, he has no remedy. Perhaps, he was logical because once the emergency is declared, he can see no reason for the other laws of civil liberty, etc. to exist. But is that the state of affairs that you want to cherish in this land?

Sir, when I referred to the debates that had taken place in the Constituent Assembly years back, I found that Dr. Ambedkar, Shri Kamath and so many other eminent personalities like Pandit Bhargava, all of them, had devoted days and days to discussing this emergency. And Dr. Ambedkar went to the extent of pointing out that this is not a simple matter; it is not as if you are to treat emergency in a normal way. And therefore, in the Constitution when the emergency powers are given, the wording used is not only 'emergency' but 'grave emergency'. After all, words have some meaning. They could have only stated 'whenever the Government feels that there is an emergency'. No. They said, 'grave emergency'. Was there a grave emergency in this country before? Is there a grave emergency in this country today? Then, why is it that you are basing your argument that because there is emergency, the life of Parliament is to be extended by one year?

SHRI BRAHMANANDA PANDA (Orissa) : Mr. Goray...

DR. K. MATHEW KURIAN (Kerala) : Orissa Government is speaking.

SHRI BRAHMANANDA PANDA : Do not try to influence me. I am asking him a question.

MR. CHAIRMAN : Let him finish his speech.

SHRI BRAHMANANDA PANDA : After what happened in Gujarat and in Bihar, don't you think that the situation was grave?

DR. K. MATHEW KURIAN : This is a graveyard of democracy.

SHRI N. G. GORAY : Sir, I have always respected my friend. *(Interruption)* Please, I never interrupt you. Please bear with me. I am not going to speak here many times now. Perhaps it is the last speech.

DR. V. P. DUTT (Nominated) : I hope, of this session.

SHRI N. G. GORAY : Well, next session I may come. So what I am saying is, look at the debates in the Constituent Assembly. Dr. Ambedkar said that when this emergency is declared and when the powers under the emergency are exercised, it is "evasion of Parliamentary law"; he used those words; he said it was evasion. Look at the gravity with which they were considering the whole aspect. And when Mr. Kamath and others opposed it, he said "Don't suppose that I do not share your views. I do. But I hope that this will not happen and it will be a dead letter." And even where you want to take over or dismiss any Government, look at the words that he has used—I am referring to the Constituent Assembly debates, page 177, where he said :

> "If at all they are brought into operation, I hope the President, who is endowed with these powers, will take proper precautions before actually suspending the administration of a province. I hope the first thing he will do would be to issue a mere warning to the province that has erred that things were not happening in the way in which they were intended to happen in the Constitution. If that warning fails, the second thing for him to do will be to order an election allowing the people of the province to settle matters by themselves."

This was the scheme of things. First you give them a warning. If they do not behave, if the Cabinet does not behave, if that province does not behave, then he says the next natural thing to do is to ask

[Shri N. G. Goray]

for elections. What are you doing? You are not only not allowing them to hold elections but you are postponing your elections also by one year. Sir, is it not a travesty of the Constitution, of the article that was meant to be used only in exceptional cases, in "grave emergency" not merely emergency? And he says that emergency must end as soon as possible. Just now I have quoted the Home Minister as well as the Prime Minister saying four months back that there was normalcy everywhere. Still you are saying that emergency is there. Where is the emergency? It is in your mind. You want to see ghosts everywhere. And that is because you want to perpetuate your rule. It is not for consolidation of the gains of the emergency but because you want to consolidate your own power.

Sir, I would like to ask what was wrong in Tmail Nadu. They had 165 members in a House of 235. They are ready to go to the polls. They only asked that the polling to the Parliament as well as to the Legislative Assembly should be synchronised. It is a very natural demand because those who cannot afford to spend crores of rupees would like to see that both the elections are held together. You did not allow it. That is all right. After three weeks, they would have gone. But you could not wait. You brought in all sorts of allegations. Sir, I will deal with those allegations when you give us an opportunity to discuss it. But supposing again that your allegations were true, what is the position in the neighbouring State of Karnataka? Is it not a fact that the Congress Committee itself has submitted a memorandum to the High Command of the Congress saying that this Government of Mr. Urs should go? Sir, here is a paragraph from a document....

SHRIMATI MARGARET ALVA (Karnataka) : Sir, where is he quoting from ?

SHRI N.G. GORAY : Please sit down. I do not think you are well posted with information.

Sir, the document I am quoting from is a note on the state of affairs of the Congress Party in Karnataka submitted to the honourable Prime Minister with eight annexures and, in the paragraph which is called the "Conclusion", they say—it is on page 12 of the memorandum—

"The High Command is aware...."—Think of it—"The High Command is aware of the state of affairs in the State. There are several means of ascertaining these drawbacks. Suffice it to say...."—This is from the Congress Party itself—"suffice it to say that the continuance of the Devraj Urs Ministry any longer would spell disaster to the Congress organisation in the State and it would be very difficult for the Congress to face the election in the future."

DR. K. MATHEW KURIAN : Then they can postpone the elections to the future.

SHRIMATI MARGARET ALVA : Mr. Goray, where are you quoting from? ..(*Interruptions*)... Where are you quoting from ?

SHRI N.G. GORAY : I know how eloquent you are.... (*Interruptions*)....

I know how eloquent you are. Please do not interrupt...

MR. CHAIRMAN : No interruptions, please. You go on, Mr. Goray.

SHRI N.G. GORAY : So, what I am saying is this that this is from the horse's mouth itself. This is from the horse's mouth. It is not an afterthought like that of Shri K.K. Shah, the Governor of Tamil Nadu, who has been sitting there in Tamil Nadu for the last five years and who has been awarding certificates of merit to this Ministry and he has been saying in his Address to the Legislature that this Ministry is functioning properly. I will quote from it when the time comes. And now, all of a sudden, you have discovered so many things! What was he doing all these years? All these allegations are three years old or four years old. And, Sir, what was he doing? Because the Centre wanted the dismissal at this particular point of time that the Governor obliged them. And, when the Karnataka Congress Committee itself is saying that it will be a disaster to that State if they allow the Devraj Urs Ministry to continue, you just cannot hear those words! So, Sir, I would like to ask you this. Is this fair? Is this justice? Is this even-handed justice under the Constitution? Is it the proper use of the emergency? To every one of these questions, Sir, the answer is "No". (*Time bell rings*).

MR. CHAIRMAN : You have taken more time.

SHRI N.G. GORAY : Please allow me some more time.

DR. K. MATHEW KURIAN : You have extended the term of the Lok Sabha and you can extend the speech also; you can extend the time of the honourable Member also.

MR. CHAIRMAN : I think you will have to finish now. You will get an opportunity later.

SHRI N.G GORAY : Sir, I rarely go beyond the time-limit, you know ...

MR. CHAIRMAN : Please finish.

SHRI N.G. GORAY : I will just finish in ten minutes.

SHRI BANARSI DAS (Uttar Pradesh) : Sir, you can give him our time. We will give him our time also.

SHRI N.G. GORAY : Sir, the most surprising thing is that it is not as if the Congress people do not know what they are doing. Had it been so, it would have been all right. But it is not so. Sir, I am reminded of that famous sentence in the Mahabharata. It is the utterance of Duryodhana. He said :

जानानि धर्मम् न च मे प्रवृत्ति:
जानान्यधर्मम् न च मे निवृत्ति:
केनापि देवेन हृदिस्थितेन
यथा प्रवृत्तोस्मि तथा करोमि ।

Arjuna never knew what was there in Duryodhana's mind. He said :

"I know what is wrong; but I cannot desist. I know what is right; but I cannot do it. Some demon has taken possession of my soul and it looks as if everything is revolving as if we are helpless."

Sir, I am clear that in a democracy the people are not helpless nor is the Government helpless. Let us not do it.

Sir, In this House, I have again and again pleaded that this country cannot afford to have such a civil strike. It cannot be divided into two groups, those who are good and those who are bad. Let us come together; and let us evolve a national consensus. But, Sir, in spite of my knocking, 12 Noon no door is open. In spite of the knocking by Jayaprakash Narayan, the door still remains closed. And, Sir, I am sorry to say that in spite of Acharya Vinoba Bhave's knocking, the door still remains closed...

(*Interruptions*).

SEVERAL HON. MEMBERS : No, no.

SHRI N.G. GORAY : Sir, Acharya Vinoba Bhave invited the Acharyas throughout the country, and..

DR. V.P. DUTT (Nominated) : Acharya Vinoba Bhave is hand-picked by Shriman Narayan....(*Interruptions*).

SHRI N.G. GORAY : You are such a learned man. You must have read this small pamphlet. I am reading this quotation from a booklet containing speeches delivered by Acharya Vinoba Bhave at the 'Akhil Bharat Acharya Sammelan' held on 16th, 17th and 18th January, 1976, at Wardha :

**सर्वसम्मत निवेदन**

'विगत घटनाओं के लिये किसी पर दोषारोपण न करते हुए सम्मेलन मानता है कि अब देश के अन्दर की स्थिति को सामान्य रूप देने की प्रक्रिया का आरम्भ करना एवं एकता और परस्पर सहयोग के वातावरण का निर्माण करना अति आवश्यक है, ताकि प्रधान मंत्री के शब्दों में 'प्रजातंत्र की गाड़ी पुन: पटरी पर लाई जा सके'। वर्तमान गतिरोध का उचित, सम्मानयुक्त एवं शीघ्र हल प्राप्त करने के लिये हर सम्भव प्रयत्न किये जाने चाहियें। प्रजातांत्रिक मूल्यों, तरीकों एवं संस्थाओं से ही हमारे देशवासियों के सही हितों का संरक्षण हो सकता है और वे ही सम्भाव्य बाह्य खतरों का मुकाबला करने के लिये बड़े पक्के साधन है समय अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि अनुचित विलम्ब से स्थिति बिगड़ सकती है और अनिष्ट परिणाम आ सकते हैं। वर्तमान स्थिति के चालू रहने से युवा-पीढ़ी पर होने वाले परिणामों के विषय में सम्मेलन ने विरोध रूप से चिन्ता व्यक्त की'।

I cannot improve upon it.

SHRI RANBIR SINGH (Haryana) : But.....*(Interruptions)*.

SHRI N.G. GORAY : Mr. Ranbir Singh why do you interrupt? I never want to be hard with you. I know, you would like to crush everybody, but still...

DR. K. MATHEW KURIAN (Kerala) : You have the Haryana Police with you.. *(Interruptions)*.

SHRI N.G. GORAY : I am saying that there are good people on this side and there are bad people on your side also. Let all the good people in the nation come together. And if you do not like it, you can go your way. You are going your way.

I will only end by saying this. I remember the great oration of Antony when Julius Ceasar was murdered. He said, Sir, when Julius Ceasar fell :

"And, in his mantle muffling up his face,
Even at the base of Pompoy's statua (Which all the while ran blood), great Ceasar fell.
O, what a fall was there, my countrymen!
Then I, and you, and all of us fell down...."

So, therefore, Sir, I would like to say : Don't bury democracy. Don't stab it like this. If democracy fells, then I would only say :

What a fall was there, my countrymen!

By democracy, I mean : I, and you, and all of us fell down. This is my last appeal.

**श्री कल्पनाथ** (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, जो पालियामेंट के एक्सटेंशन का यह बिल लाया गया है मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। आपके सामने अभी बहुत सी बातें नाना साहब के द्वारा रखी गयीं। क्योंकि एक साल पालियामेंट का कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है? 26 जून के पहले और 26 जून के बाद की राजनीतिक स्थिति का विश्लेषण करने के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि 26 जून के पहले हिन्दुस्तान के अन्दर विरोधी दल के लोगों ने और दुनिया के साम्राज्यवादी मुल्कों ने जो स्थिति बना रखी थी उसके कारण 26 जून को आपत्कालीन स्थिति की घोषणा करनी पड़ी। आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि 26 जून के पहले देश में ही नहीं दुनिया के पैमाने पर जहां एक ओर अमरीकी साम्राज्यवादी और माओ बादी चीन दोनों उभर कर हिन्दुस्तान की आजादी के खिलाफ एक षड़यंत्र कर रहे थे, दूसरी ओर 26 जून के पहले हिन्दुस्तान की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जनसंघ, भारतीय लोकदल जैसे नाना प्रकार के सिद्धांतों को रखने वाली पार्टियां ... हिन्दुस्तान के अन्दर लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहीं थीं। क्या आप इस बात को नहीं जानते हैं कि फोर्ड साहब ने अमरीका की सेनेट में भाषण करते हुए कहा कि साइनो-अमरीकन रिलेशनशिप इज परमानेंट फीचर।

गोरे साहब ने कहा कि गांधी जी ने हिन्दुस्तान को आजादी दिलाई। जवाहर लाल नेहरू ने हिन्दुस्तान को लोकतंत्र दिया। मेरा कहना है कि हिन्दुस्तान की आजादी की और हिन्दुस्तान के लोकतंत्र की रक्षा के लिए 26 जून को आपत्कालीन स्थिति की घोषणा की गई। क्या डियेगो-गार्शिया में अमरीकी हवाई अड्डे का निर्माण हिन्दुस्तान की आजादी के लिए खतरा नहीं है? क्या हिन्द महासागर के अन्दर साम्राज्यवादी ताकतों के द्वारा अपने बेड़ों को ले जाने की घटना हिन्दुस्तान की आजादी के लिए खतरा नहीं है? क्या चीन का तिब्बत में परमाणु अड्डे का निर्माण करना हिन्दुस्तान की आजादी के लिए महान खतरा नहीं है? क्या साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा पाकिस्तान को अरबों-खरबों के अस्त्रों से लैस करना हिन्दुस्तान की आजादी के लिए एक महान खतरा नहीं है? हिन्दुस्तान के अन्दर प्रजातंत्र की बात करने वाले नाना साहब गोरे से मुझे निवेदन करना है कि प्रधान मंत्री की सभाओं में गोह, बिच्छु और सांप फेंकना

क्या प्रजातंत्र है? चुनी हुई विधानसभाओं को भंग कराना क्या प्रजातंत्र है? क्या जवाहरलाल नेहरू ने विधानसभाओं के चुनावों में विधायकों का हरण करना प्रजातंत्र बतलाया था? क्या विधायकों के घरों को जलाना प्रजातंत्र है?

नाना साहब गोरे गीता की बातें करते हैं। लेकिन जब हम गोरे साहब को देखते हैं तो हम उनको उस स्थिति में पाते हैं जो कौरवों के बीच में भीष्म पितामह और द्रोणाचार्य की थी। ऐसी ही स्थिति गोरे साहब की आज विरोधी दलों के बीच में है। एक तरफ जनसंघ पार्टी है जो लोकतंत्र की दुश्मन है, जो फासिस्टवाद की समर्थक है, जो प्रजातंत्र को जड़मूल से नष्ट करना चाहती है, एक तरफ चीन की समर्थक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी है और इन दोनों दलों का समर्थन नाना साहब गोरे जैसे आदमी कर रहे हैं। उनकी वही हालत है जैसी घड़े शराब में एक बोतल दूध की होती है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान की आजादी को खतरा दुनिया की साम्राज्यवादी ताकतों से 26 जून के पहले था। हिन्दुस्तान की आजादी को खतरा हिन्दुस्तान की राजनीतिक पार्टियों के द्वारा मार-काट, कत्ल का जो वातावरण देश के अन्दर बनाया गया था, इन दोनों स्थितियों के कारण, साम्राज्यवादी और माओवादी अंतर्राष्ट्रीय षड़यंत्र और हिन्दुस्तान के प्रतिक्रियावादी पार्टियों के षड़यंत्र दोनों के कारण जो हिन्दुस्तान की आजादी खतरे में पड़ गई थी, हिन्दुस्तान का लोकतंत्र जो लुप्त होने जा रहा था, इन दोनों स्थितियों का मुकाबला करने के लिए प्रधान मंत्री ने 26 जून को देश में आपत्कालीन स्थिति की घोषणा की। क्या 26 जून के बाद हिन्दुस्तान की राजनीतिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार नहीं हुआ है, इसका हमें मूल्यांकन करना चाहिए।

आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, जीवन की आवश्यक वस्तुओं के दामों में 25 प्रतिशत की कमी हुई है। देश की खाद्यान्न की चीजों में 10 परसेंट दाम गिरे हैं। रेल यातायात में बहुत ही अच्छा सुधार हुआ है। रेलों और देश के पैमाने पर ठीक समय पर चलना देश की जनता के लिए महान स्वागत का कदम है। चाहे जीवन की आवश्यक वस्तुओं के सामान हों, चाहे यातायात के साधनों का ठीक ढंग से देश के अन्दर चलना हो, इन सारी बातों ने हमारे देश के अन्दर एक बहुत ही अनुशासन की स्थिति को पैदा किया है। कालेजों में, विद्यालयों में, यूनिवर्सिटियों में जो जगह-जगह हुल्लड़बाजी का वातावरण पैदा किया गया था, देश के अन्दर जो एक पढ़ाई लिखाई के वातावरण को समाप्त करने की कोशिश की गई थी, वह वातावरण देश के पैमाने पर समाप्त हुआ है। सारे देश के अन्दर एक अनुशासन का वातावरण पैदा हुआ है। सवाल यह उठता है कि इस अनुशासन के वातावरण को देश में कायम रखा जाए। मिलों और कारखानों की हड़तालें बन्द हुई हैं। रेलों के अन्दर जो देश के पैमाने पर भ्रष्टाचार था, उसके अन्दर कमी हुई है। मार-काट, खून और कत्ल का जो ऐटमासफियर पूरे मुल्क में बनाया जा रहा था वह पूर्णरूपेण शान्त हुआ है। पार्लियामैन्ट के अन्दर हम कहते हैं कि नार्मल स्थिति नहीं है लेकिन आप गांवों में चले जाइये, शहरों में चले जाइये पूरे देश की जनता ने इस आपातकालीन स्थिति का स्वागत किया है। इससे देश का जन-जीवन सामान्य हुआ है। स्कूल, कालेजों की पढ़ाई ठीक ढंग से चलने लगी है। कारखानों में उत्पादन बढ़ा है। जीवन की आवश्यक चीजें लोगों को अवेलेबल हो रही हैं। इन चीजों को मद्देनजर रखते हुए भारत की प्रधान मंत्री ने और इस देश की सरकार ने आपातकालीन स्थिति

[श्री कल्पनाथ]

को कायम किया है और इसी वातावरण को कायम रखने के लिये पार्लियामैन्ट की टर्म एक साल के लिये बढ़ाई जा रही है। यह टर्म इसलिये भी बढ़ाई जा रही है कि जो हमारे राष्ट्रीय जीवन में अनुशासन की भावना आई है यह अनुशासन की भावना आदत के रूप में परिणत हो जाए। यह नेशनल हैबिट बन जाए। लोग जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासनबद्ध हों और राष्ट्र के निर्माण कार्य को करें इसलिये भी इस टर्म को बढ़ाया जा रहा है।

आज प्रधान मंत्री जी ने यह कहा है कि चुनाव जीतना या न जीतना हमारे लिये उतनी बड़ी चीज नहीं है जितना राष्ट्रीय जीवन में अनुशासन को कायम रखना, आर्थिक उत्पादन को बढ़ाना, राष्ट्र की नींव को मजबूत करना, राष्ट्रीय आर्थिक जीवन में संतुलन को कायम रखना है। राजनीतिक स्थायित्व और आर्थिक बैलेंस मेन्टेन करने के लिये तथा आर्थिक उत्पादन की वृद्धि के लिये पार्लियामैन्ट की टर्म को जो एक साल के लिये बढ़ाया जा रहा है इसका हम स्वागत करते हैं।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, विरोधी दल के लोग यह तर्क देना चाहेंगे कि हम चुनाव डर के मारे नहीं करा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात में जब कि विरोधी दल की सरकार कायम है तब भी गुजरात में पंचायत के इलेक्शनों ने साबित कर दिया है कि हिन्दुस्तान की जनता किस के साथ है। आज सवाल यह नहीं है कि कांग्रेस पार्टी क्या कर रही है, आज सवाल यह भी नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं। आज सवाल सबसे बड़ा यह है कि हम और आप सब मिल कर इस देश के लिये क्या करें जिससे देश की आजादी कायम रह सके, देश का लोकतंत्र कायम रह सके।

अभी ब्रह्मा, विष्णु और महेश की बात की गई है। ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की और विष्णु ने उसका पालन किया। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने एक आजाद मुल्क की रचना की और इस आजादी को कायम रखने के लिये तथा इसकी प्लांड इकोनोमी को बढ़ाने के लिय जवाहर लाल जी ने समाजवाद के आधार पर इस मुल्क के निर्माण का सपना देखा।

जापान की बात की जाती है। कहा जाता है कि अमेरिका में प्रजातंत्र है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि अमेरिका और जापान की परिस्थितियां हमारे देश की परिस्थितियों से भिन्न हैं। दुनिया का एक खेमा साम्यवाद के तरीके से विकास करना चाहता है और दुनिया का दूसरा खेमा पूंजीवाद के तरीके से विकास करना चाहता है लेकिन हम पूंजीवाद और साम्यवाद से हट कर एक नई दुनिया का निर्माण करना चाहते हैं। जो लोकतंत्र के आधार पर होगी। जवाहर लाल नेहरू जी ने प्लांड इकोनोमी और डेमोक्रेसी की हिन्दुस्तान में आधारशिला रखी थी और इसी प्लांड इकोनोमी और लोकतंत्र के लिये हिन्दुस्तान में प्रतिक्रियावादी ताकतों ने, दक्षिणपंथी ताकतों ने एक भयंकर खतरा पैदा किया। आप जानते हैं कि इसी कारण हमारी प्रधान मंत्री जी को देश में आपात स्थिति की घोषणा करनी पड़ी। नाना साहब गोरे जब प्रजातंत्र की बात करते हैं मेरी समझ में नहीं आता तब वह क्यों मिलिटरी का आह्वान करते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि जब ब्रिटेन की पार्लियामैन्ट का एक प्रतिनिधिमंडल हमारे देश में आया था तो उन्होंने कहा था कि हम जय प्रकाश जी के प्रति आदर की भावना रखते हैं लेकिन मिलिटरी को पालिटिक्स में दखल देने के लिये जो आह्वान किया गया है उसके खिलाफ प्रधान मंत्री का एक्शन महान है।

मैं इस बात को नहीं समझ सका कि जब आचार्य विनोबा भावे ने आपात्कालीन

स्थिति को एक अनुशासन पर्व की संज्ञा दी है तो श्री नाना जी गोरे गीता के श्लोकों की बात क्यों कह रहे हैं। मैं उन्हें गीता के इस श्लोक की याद दिलाना चाहता हूं :—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे॥

जब कौरवों का दल एक तरफ था और सर्वनाश करने के लिए उतारू हो गया था तो भगवान ने आगे आकर उसका सामना किया। इसी प्रकार से जब मार्क्स-वादी कम्युनिस्ट पार्टी के ज्योति बसु और जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेयी एक होकर हिन्दुस्तान की आजादी को खतरे में डालने के लिए कलकत्ता की सड़कों पर इकट्ठे हो कर नेतृत्व कर रहे थे। तो ऐसी स्थिति में इस प्रकार की ताकतों को रोकना आवश्यक हो गया था।

आदरणीय उप-सभापति महोदय, मुझे एक बात और कहनी है। हमारे देश में आपात्कालीन स्थिति की घोषणा की गई और अब इस विधेयक के द्वारा एक साल के लिए लोक सभा की अवधि बढ़ाई जा रही है। मैं समझता हूं कि इस पार्लियामैन्ट की जो अवधि बढ़ाई गई है, वह 20 सूत्री कार्यक्रम को लागू करने के लिए ही बढ़ाई गई है। मैं भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर इस बढ़ी हुई अवधि में आपने 20 सूत्री कार्यक्रम पर अमल नहीं किया तो हिन्दुस्तान की जनता आपको माफ नहीं करेगी। आपने कांग्रेस पार्टी के विघटन के समय देश की जनता के समक्ष बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने की बात कही और फिर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। आपने प्रिवीपर्स समाप्त किया। इसके साथ-साथ आपने चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण का वचन देश की जनता को दिया था। इस प्रकार का आश्वासन बम्बई के अधिवेशन में दिया गया था। आज आपने 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के माध्यम से नई सामाजिक आर्थिक रचना का देश की जनता को वचन दिया है। इसलिए यदि आप 20 सूत्री कार्यक्रम के संबंध में समय-बद्ध रूप से योजना बनाकर एक साल के अन्दर कार्य नहीं करेंगे तो देश की जनता आपको क्षमा नहीं करेगी।

इसके साथ-साथ मेरा यह भी निवेदन है कि शीघ्र से शीघ्र चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाय और कारखानों में बनने वाली चीजों और खेत में पैदा होने वाली चीजों के दामों में संतुलन कायम किया जाय। आज हिन्दुस्तान के अन्दर समस्त गरीबों को ऋण से मुक्ति दिलाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। मैं समझता हूं कि केवलमात्र 50 ग्रामीण बैंक खोलकर हिन्दुस्तान के करोड़ों गरीबों की ऋण की समस्या को हल नहीं किया जा सकता है। इस 20 सूत्री कार्यक्रम ने हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमियों के मन में एक ऐसा दीप जलाया है, एक विश्वास का अंकुर प्रस्फुटित किया है कि जिसकी कोई मिसाल नहीं हो सकती है। आज हमारे देश के करोड़ों गरीब लोग इस बात को अहसास करने लग गये हैं कि वे एक आजाद देश के नागरिक हैं। वे चाहते हैं कि हमारे देश में समाजवादी समाज की रचना के लिए एक ठोस, समयबद्ध कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिए। इसलिये मेरा निवेदन है कि इस 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत इस देश की गरीब जनता को साहूकारों, सेठों और पूंजीपतियों के हाथ से निकालकर प्रगति के पथ पर लाने के लिए जो आश्वासन दिये गये हैं उनको पूरा किया जाना चाहिए और समाजवादी आधार पर नई लोकशाही के निर्माण के लिए सरकार को अधिक से अधिक ग्रामीण बैंकों की स्थापना करनी चाहिए। जब हम ऐसा करेंगे तभी देहात के करोड़ों किसानों के मन में नई आशा का दिया जला

[श्री कल्पनाथ]

सकेंगे। मैं चाहता हूं कि सरकार ने बम्बई अधिवेशन में चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण करने का जो आश्वासन दिया था उसको शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। सन् 1971 में चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण का जो वचन दिया गया था उसको पूरा किया जाना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

